भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

22.07.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 682 का उत्तर

समपार संख्या 285 पर आरओबी/आरयूबी का निर्माण

682. श्री बृजेन्द्र सिंह ओला:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने राजस्थान में रेलवे समपारों पर विशेषकर झुंझुनू लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में होने वाले यातायात जाम के संबंध में कोई अध्ययन कराया है;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा उक्त निर्वाचन क्षेत्र में किन-किन रेलवे समपारों की पहचान की गई है जहां आरओबी/आरयूबी के निर्माण की आवश्यकता है;

(ग) झुंझुनू जिले के भामरवासी गांव में स्थित रेलवे समपार संख्या 285 पर आरओबी/आरयूबी का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): 01.04.2026 की स्थिति के अनुसार, भारतीय रेल में बड़ी लाइन नेटवर्क पर 15,689 अदद चौकीदार वाले समपार (एमएलसी) हैं। इनमें से 764 अदद चौकीदार वाले समपार राजस्थान राज्य में स्थित हैं, जिनमें से 16 अदद चौकीदार वाले समपार झुंझुनू लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में आते हैं।

भारतीय रेल में समपारों के स्थान पर ऊपरी/निचले सड़क पुलों के निर्माण कार्यों की स्वीकृति एक सतत् और गतिशील प्रक्रिया है। ऐसे निर्माण कार्यों को प्राथमिकता दी जाती है और गाड़ी परिचालन में संरक्षा पर उनके प्रभाव, गाड़ियों की गतिशीलता एवं सड़क उपयोगकर्ताओं पर पड़ने वाले प्रभाव और व्यवहार्यता आदि के आधार पर शुरू किया जाता है।

2004-14 की तुलना में 2014-26 (मई, 2026 तक) की अवधि के दौरान भारतीय रेल पर निर्मित ऊपरी/निचले सड़क पुलों की संख्या निम्नानुसार है:

अवधि	निर्मित ऊपरी/निचले सड़क पुल
2004-14	4,148 अदद
2014-26 (मई, 2026 तक)	14,451 अदद (राजस्थान राज्य में 1,612 अदद)

01.06.2026 की स्थिति के अनुसार, भारतीय रेल में लगभग 1,17,492 करोड़ रुपए की लागत पर 4,993 अदद ऊपरी/निचले सड़क पुलों के निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें राजस्थान राज्य में लगभग 6,137 करोड़ रुपए की लागत पर 618 अदद ऊपरी/निचले सड़क पुलों के निर्माण कार्य और झुंझुनू लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में लगभग 114 करोड़ रुपये की लागत पर 17 अदद ऊपरी/निचले सड़क पुलों के निर्माण कार्य शामिल हैं, जो योजना और निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं।

गाँव की आबादी को ध्यान में रखकर और सार्वजनिक आवागमन को सुगम बनाने के लिए दोनों ओर निचले सड़क पुलों का निर्माण करके वर्ष 2015 में सीकर-लोहारू खंड पर कि.मी. 321/3-4 पर समपार संख्या 285 को आमान परिवर्तन के दौरान बंद कर दिया गया था। (लोहारू की ओर निचला सड़क पुल संख्या 176ए और सीकर की ओर निचला सड़क पुल संख्या 176बी)

ऊपरी/निचले सड़क पुल के निर्माण कार्यों का पूरा होना और उन्हें कमीशन करना, समपार को समाप्त करने के लिए सहमति देने में राज्य सरकारों का सहयोग, पहुंच मार्ग का संरेखण निर्धारित करने, सामान्य आरेखण व्यवस्था (जीएडी) के अनुमोदन, भूमि अधिग्रहण, अतिक्रमण हटाने, अतिलंघनकारी जनोपयोगी सेवाओं के स्थानांतरण, विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृतियां, परियोजना/कार्य स्थलों के क्षेत्र में कानून और व्यवस्था की स्थिति, जलवायु संबंधी परिस्थितियों आदि के कारण परियोजना विशिष्ट/क्षेत्र के लिए एक वर्ष में कार्य सत्र की अवधि आदि जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है। ये सभी कारक परियोजनाओं/निर्माण कार्यों के पूरा होने के समय को प्रभावित करते हैं।

******